राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

# मासिक रिपोर्ट – फरवरी 2021

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** कुल 7070 स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। अन्य 49,000 स्मार्ट मीटर आपूर्तिकर्ता द्वारा प्राप्त हुए और JVVNL द्वारा परीक्षण व स्थापना प्रगति पर है।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** कुल 5,518 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए। EWEDC प्रयोगशाला में 1,288 LTCT स्मार्ट मीटर का परीक्षण किया गया। मीटर आपूर्तिकर्ता का BIS लाइसेंस 8 फरवरी 2021 को पुन: जारी किया गया है और 22 फरवरी 2021 को 8,000 मीटर के लिए निरीक्षण किया गया ।
3. **OPTCL, ओडिशा:** निविदा खोलने की तिथि को 19 मार्च 2021 तक बढाया गया।

** सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।*

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 3 फरवरी 2021 को माननीय विद्युत राज्य मंत्री (I/C) की अध्यक्षता में EESL द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर पर बैठक हुई।
2. 8 फरवरी 2021 को सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में EESL द्वारा स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर पर बैठक हुई।
3. 24 फरवरी 2021 को संयुक्त सचिव (वितरण) की अध्यक्षता में विभिन्न वितरण योजनाओं के बजट उपयोग के संबंध में बैठक हुई।
4. 19 फरवरी 2021 को NSGM योजना को अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक की अवधि के लिए बढाया गया । NSGM की वर्ष 2021-26 तक की अवधि के लिए निरंतरता हेतु EFC प्रस्ताव प्रक्रिया जारी है।
5. 22 फरवरी 2021 को BRICS-2021 एजेंडा के लिए "भारत में स्मार्ट ग्रिड" पर संकल्पना नोट विद्युत मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया।
6. "मीटरिंग और स्काडा (SCADA) के लिए NB-IoT संचार प्रणाली मूल्यांकन" हेतु "नया मद प्रस्ताव" (NIP) को TSDSI द्वारा शुरू किया गया और 11 फरवरी 2021 को NSGM की टिप्पणियों को साझा किया गया।
7. 11 फरवरी 2021 को भारतीय DISCOM द्वारा उपयोग के लिए "स्मार्ट ग्रिड रेडीनेस - सेल्फ असेसमेंट टूल" को POWERGRID सर्वर पर डालने हेतु काम शुरू किया गया ।
8. 10 फरवरी 2021 को IEC 62746-10-1: 2018 को अपनाने के बारे में LITD -10 के IT आर्किटेक्चर, डेटा लेयर व एक्सचेंज और लास्ट माइल कम्युनिकेशन प्रोटोकॉल में विशेषज्ञों के साथ बैठक हुई। चयनित विशेषज्ञों के साथ साप्ताहिक बैठकें शुरू की गयी ।
9. निदेशक NPMU ने:

   क. 25 फरवरी 2021 को IEA "पावर सिस्टम फ्लेक्सिबिलिटी अभियान व 3DEN संयुक्त विशेषज्ञ वेबिनार – विद्युत प्रणालियों के डिजिटलाइजेशन के लिए रणनीतियाँ" में भाग लिया और "इंडियन ग्रिड के डिजिटलाइजेशन यात्रा" पर प्रस्तुतीकरण किया।

   ख. 26 फरवरी 2021 को IEA इंडोनेशिया स्मार्ट ग्रिड कार्यशाला में भाग लिया और "स्मार्ट ग्रिड पर भारत के संस्थागत विकास" पर प्रस्तुतीकरण किया।

   ग. 16 फरवरी 2021 को IEEMA के इंटलेक्ट 2021 सम्मेलन के दौरान "यूटिलिटी बिजनेस - द न्यू वे फॉरवर्ड" पर पैनल चर्चा में भाग लिया।

   घ. 17 फरवरी 2021 को "इकोनॉमिक टाइम्स 5G कांग्रेस" में "5G उपयोग को सही और प्रासंगिक बनाने" पर पैनल चर्चा में भाग लिया।

(अरुण कुमार मिश्र)
निदेशक, एनपीमयू
dir.npmu.nsgm@gov.in